TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-68 | उज्जैन, गुरुवार 17 अप्रैल 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-8

# लाड़ली बहना योजना...

## सीएम मोहन यादव ने जारी की 23वीं किस्त

### 1.27 करोड़ बहनों के खाते में राशि ट्रांसफर ; कई और सौगातें मिलीं

संजय जैन,सह-संपादक (मध्यप्रदेश की करोड़ों लाड़ली बहनों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 23वीं किस्त बुधवार (16 अप्रैल) को जारी की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला के टिकरवारा गांव से 1.26 करोड़ बहनों को यह सौगात दी है। राज्य सरकार द्वारा लाड़ली बहनों को अब तक 33 हजार करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं।



**सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को देंगे 337 करोड़**

सीएम मोहन यादव 1100 लड़कियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 337 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की। 25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से भेजे।

**सीएम मोहन 16वीं बार देंगे तोहफा**

मोहन सरकार अप्रैल में 16वीं बार बहनों को लाड़ली बहना योजना की राशि ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहली बार 10 जनवरी 2024 को 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1576.61 करोड़ ट्रांसफर किए थे। जनवरी के बाद फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त (1500 रुपए), सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर के बाद अब जनवरी 2025, फरवरी, मार्च और अब अप्रैल में सीएम मोहन यादव 16वीं बार बहनों को तोहफा दिया।

**जून 2023 को बहनों को मिली थी पहली किस्त**

शिवराज सिंह चौहान सरकार ने मई 2023 में लाड़ली बहना योजना शुरू की थी। 21 से 60 वर्ष की विवाहित महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए दिए जाते थे। पहली किस्त 10 जून 2023 को ट्रांसफर की थी। 2023 में रक्षाबंधन पर योजना की राशि बढ़ाकर 1250 रुपए की गई। अब इस योजना के तहत 1250 रुपए महीना के हिसाब से महिलाओं को सालाना 15,000 रुपए मिलते हैं। जून 2023 से मार्च 2025 तक 22 किस्त मिल चुकी हैं। अगस्त 2023 और 2024 में 250 रुपए अतिरिक्त दिए गए थे।

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव का नीमच हवाई पट्टी आगमन पर आत्मीय स्वागत



**नीमच** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का बुधवार को नीमच हवाई पट्टी आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के साथ हवाई पट्टी पर महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री सु निर्मला भूरिया, लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता, जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच दिलीपसिह परिहार एवं मनासा विधायक अनिरूद्ध मारू, मती वंदना खण्डेलवाल, नीमच नगरपालिका अध्यक्ष मती स्वाति चौपडा, न.पा. के पूर्व उपाध्यक्ष महेन्द्र भटनागर, संतोष चौपड़ा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेटकर, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी का आत्मीय स्वागत किया। एडीजीपी उज्जैन उमेश जोगा, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, डीआईजी रतलाम मनोज कुमार सिह, एवं पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.यादव की हवाई पट्टी पर वायुयान से उतरते ही आगवानी कर, उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। तदपश्चात मुख्यंत्री डॉ.यादव ने नीमच हवाई पट्टी से कार द्वारा मंदसौर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एडीएम मती लक्ष्मी गामड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया व अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## राष्ट्र मेरिट कम परीक्षा में तीन बच्चों का हुवा चयन



**रविन्द्र खाण्डेकर** नान्द्र - ग्राम छोटी खर्गोने मे राष्ट्र मेरिट कम परीक्षा मे तीन बच्चो का चयन हुआ है इशांत विजय भलसे, आयुषी संजय, दीपक दिनेश नागराज का मीन्स कम मेरिट परीक्षा मे पास हो गए है! उन्हें शासन तरफ़ से लगातार 4 वर्षो तक 12000 स्कोलार्षिप् मिलेगी इस अवसर पर संस्था प्रधान श्री अजय राठौर सर, सुनील शर्मा, सुभद्रा संवाले, ललित भालसे, भीम सिंह चोयल, भगवान् पटेल हर्ष जताया!

# गर्मी से तप रहे कैदियों के लिए पांच पंखे दिए भेट किए गए



**राजेश पिल्ले** महू - सरकारी नौकरी में भी यदि कर्तव्य परायणता व निष्ठा का प्रदर्शन किया जाए तो समाज में बिगड़े लोगों को सुधारकर मुख्य धारा में लाया जा सकता है। पुलिस वालों के लिए देश भक्ति का नारा लिखा जाता है तो जेलरों केलिए समाज सुधारक की उम्मीद की जाती है। इधर समाजसुधारक भी सौगात लेकर पहुंचे और कैदियों के नारकीय जीवन को कुछ हद तक बेहतर जीवन मिले, इसका प्रयत्न करें तो कोई बुराई नहीं है, महात्मा गांधी ने भी कहा था कि अपराध से घृणा करो अपराधी से नहीं, शायद यही भाव लेकर समाजसेवियों ने महू उपजेल में प्रवेश करके भीषण गर्मी में तप रहे कैदियों को हवा मिले, इसके लिए चार पंखे दान दिए, जिससे जेलर भी खुश हुए और उन्होंने हाथोंहाथ अपील कर दी कि यदि कोई दानदाता कूलर, छाछ आदि इन कैदियों के लिए देना चाहें जिससे कैदियों को भीषण गर्मी में राहत मिले, तो उनका स्वागत है। पंखे देने वालों में समाज सेवी दिनेश ठाकुर ,पवन सुले जी, पत्रकार राजेश पिल्लै, सिद्धांत पाटिल आदि मौजूद थे। जिन्होंनें सहायक जेल अधीक्षक दिनेश कुमार दांगी जी को चार पंखे सौंपे। इस दौरान दिनेश ठाकुर ने बताया, कि गर्म मौसम के दिनों में इस तरह के साधनों की खासी आवश्यकता होती है। इस हेतु प्राथमिकता दी गई। लोक हित और सेवा को दृष्टिगत रखते हुए आगे भी हम मित्र मंडली फंड के माध्यम से आवश्यकतानुसार सेवाएं प्रदान करते रहेंगे। इस सराहनीय कार्य के लिए सहायक जेल अधीक्षक दांगी ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इसके अलावा समाजसेवियों ने जेलर द्वारा कैदियों को सजा पूर्ण होने के बाद बेहतर जीवन जीने की राह मिले, इसके लिए प्रयास किए जा रहे है। कैदी राम नाम बैंक पुस्तिका में राम नाम भी लिखते देखे जाते है, कैदियों को भजन भी सुनाए जाते है। ताकि वो धर्म की राह पर चलें तो अपराध के विचार मन मस्तिष्क में प्रवेश ही ना कर सकें।

## पूर्व मंत्री खाचरियावास के खिलाफ ईडी की कार्रवाई निंदनीयः पूर्व मंत्री जाड़ावत



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर राजस्थान के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कहा है की यह लोकतंत्र में आवाज दबाने का प्रयास है। उन्होंने कहा की प्रताप सिंह खाचरियावास का छात्रसंघ अध्यक्ष से लेकर मंत्री पद तक का सफर रहा है, और वे अपनी तेजतर्रार छवि और तीखे बयानों के लिए भी जाने जाते हैं। उनके निवास पर श्रष्ठ की रेड की कार्रवाई निंदनीय है।उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विरोध की आवाज दबाना चाहती है। सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलने पर ईडी भेजकर उनकी आवाज दबाना चाहती है, क्योंकि वह सरकार के खिलाफ मुखर होकर बोलते है। बिना नोटिस दिए एक पुराने मामले में ईडी की यह कार्यवाही राजनीतिक से प्रेरित है अभी कुछ दिन पूर्व उन्होंने कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया के भाई नरेंद्र खोड़निया को भी गलत तरीके से निलंबित कर दिया था। केन्द्र और राज्य के नेता चाहते है की वह सरकार के खिलाफ बोलना बंद कर दें। भाजपा के राज में एजेंसियों का पूरा राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है जो न्याय संगत नहीं है।

## आयुष विभाग द्वारा देवारणय योजना अंतर्गत अश्वगंधा की खेती का दिया प्रशिक्षण

**अजय बचले की रिपोर्ट** आमला। जिले में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एक जिला, एक औषधीय उत्पाद योजना के तहत बुधवार को आमला सिविल अस्पताल में स्व सहायता समूह की महिलाओं को अश्वगंधा की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण आयुष विभाग की दिवारणय योजनांतर्गत खेती के बारे में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया आयुष विभाग के डॉक्टर ने स्व सहायता समूहों से किसानों को अश्वगंधा की खेती के लिए प्रेरित करने को कहा, इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गणेश यादव, बीएमओ डॉ? अशोक नखरे, प्रबंधक राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन पंकज अग्रवाल एवं स्वसहायता समूह के सदस्य एवं आयुष विभाग के डॉक्टर उपस्थित थे।



**प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु खेती** अश्वगंधा की खेती के लिए उपयुक्त भूमि और जलवायु, बुवाई का समय, बीज की मात्रा, खाद और सिंचाई की जानकारी दी गई है.

**संग्रहण**अश्वगंधा की फसल को कब और कैसे इकट्ठा करना है, इसकी जानकारी दी गई है.


**भंडारण** अश्वगंधा के भंडारण के लिए उपयुक्त जगह और तरीके बताए गए हैं.

**प्रसंस्करण** अश्वगंधा को कैसे संसाधित किया जाता है, इसकी जानकारी दी गई है.

**विपणन** अश्वगंधा के उत्पादों को कैसे बेचा जाता है, इसकी जानकारी दी गई है.

**प्रशिक्षण का उद्देश्य** इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को अश्वगंधा की खेती के बारे में जानकारी देना और उन्हें इसकी खेती करने के लिए प्रेरित करना है। इससे किसानों को एक वैकल्पिक आय का स्रोत मिलेगा और वे अपनी आजीविका बेहतर कर सकेंगे।

## जैन संतो से मारपीट की पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत ने की भर्त्सना, कहा घटना शांति और अहिंसा के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है।



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने जैन संतो से सिंगोली से नीमच विहार के दौरान कछाला के हनुमान मंदिर के पास हुई मारपीट की कड़े शब्दों में भर्त्सना कर आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा की जैन संतो शैलेश मुनि जी, बलभद्र मुनि जी, मुनींद्र मुनि जी से विहार के दौरान मारपीट की घटना की जितनी निंदा की जाए कम है अहिंसा को अपना परम धर्म मानकर समस्त मानवता और जीवों के कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले संतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उनके विहार आदि के समय पुलिस प्रशासन का सहयोग और सुरक्षा दी जाए ताकि वे निर्भिक होकर धार्मिक कार्य कर जैन धर्म का प्रचार प्रसार कर सके। जैन संत तो अपने आप में क्षमा, सहनशीलता और दया की प्रतिमूर्ति होते हैं, इसी स्तिथि मे भी ऐसे निंदनीय कृत्य पर समाज व मानव समाज पर कलंक हैं। जैन समाज वैसे ही अपने आप में अति शांति प्रिय व सहनशील समाज है। संतो के साथ ऐसा व्यवहार अमानवीय श्रेणी में आता है केंद्र, मध्यप्रदेश, एव राजस्थान में भाजपा की सरकार है आशा करते है की संतो की सुरक्षा की हित में कोई ठोस कदम उठाएगी।

# बैरसिया के समाजसेवी दीपक दुबे हुए सम्मानित...

**संतोष शर्मा बैरसिया**-- भोपाल के होटल आमेर ग्रीन होशंगाबाद रोड में आयोजित रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन ज्ञानदेव मिश्रा रीजन-4 ब्लू की रीजन कॉन्फ्रेंस नैमिषारण्य में लॉयन दीपक दुबे को लायंस क्लब बैरसिया सम्मान प्राप्त हुआ, जो पूर्व अंतरराष्ट्रीय संचालक पीएमजेएफ लायन राजू मनवानी, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन मनीष शाह, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ, और द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय के कर-कमलों द्वारा दिया गया । लायंस क्लब बैरसिया द्वारा वर्ष भर की गई सेवा गतिविधियों के लिए क्लब को अति उत्तम सम्मान प्राप्त




हुआ ,साथ ही क्लब के बैनर प्रस्तुतिकरण लॉयन दीपक दुबे द्वारा किया गया बैनर प्रस्तुतिकरण में लॉयन दीपक दुबे सर्वश्रेष्ठ रहे उनको सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह बैरसिया क्लब के लिए बहुत ही गौरव की बात रही की प्रथम बार बैनर प्रस्तुतिकरण में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त हुआ, इस अवसर पर बैरसिया क्लब की ओर से लॉयन ओ पी गुप्ता एवं लॉयन हेमेंद्र सिंह उपस्थित रहे। वहीं दीपक दुबे को सम्मानित किए जाने पर नगर में खुशी की लहर है उनके चाहने वालों , इष्ट मित्रों, सामाजिक संगठन, राजनीतिक संगठन , सहित धार्मिक संगठन के कई लोगों ने दीपक दुबे को बधाइयां दी।

# सड़क दुर्घटना में एमबीबीएस डाक्टर को दर्दनाक मौत, गांव में छाया मातम

**महेन्द्र भटनागर** कंजाडा़- समीपस्थ ग्राम पंचायत चौकड़ी निवासी डाक्टर की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई जिनका अंतिम संस्कार चौकड़ी ग्राम में किया गया। अंतिम संस्कार में ग्रामीणों गांव के प्रबुद्धजनों ने पहुंच कर अपनी श्रद्धांजलि दी। उनका साथी को गंभीर रूप से घायल हो गया।चौकड़ी निवासी सुनील पिता प्रहलाद धाकड़ 26 वर्ष उनके दोस्त हरीश धाकड़ 26 वर्ष के साथ बाइक से राजस्थान के सीकर जिले के खाटू श्याम से दर्शन कर लौट रहे थे।इसी दौरान राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की गुलाब पूरा तहसील में डाक्टर की बाइक सड़क दुर्घटना



का शिकार हो गई।इस में डाक्टर सुनील धाकड़ की दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वही उनके दोस्त हरीश धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक सुनील धाकड़ का गुलाबपुरा पुलिस ने पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप कर मार्ग कायम किया।जिनका मंगलवार को चौकड़ी गांव में अंतिम संस्कार किया गया।मृतक की सिंगोली में शासकीय नौकरी लगी थी लेकिन उन्होंने मानव सेवा को देखते हुए नौकरी छोड़ कर कंजार्डा में क्लिनिक खोल कर ग्रामीणों की सेवा का रास्ता अपनाया।जिनकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ग्रामीणों को उचित उपचार मिले इस के लिए पूर्व में कैंप भी आयोजित करवाए जिसका लाभ ग्रामीणों को मिला आज वे सभी बड़े दुखी है कि सेवा का कार्य करने वाला हमारे बीच से चला गया। मौत की खबर पठार पर लगी वैसे ही पठार पर मातम छा गया।

# संत महात्मा भी सुरक्षित नहीं , गुंडो में कानून का भय नहीं , अफसरशाही बेलगाम

**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** रतलाम नीमच में जैन संतों पर जानलेवा हमले करने वाले गुंडों को आजन्म कारावास की सजा दी जाए और त्वरित न्यायालय में इनका प्रकरण चलाया जाए । शहर कांग्रेस रतलाम द्वारा आज महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल के नाम ज्ञापन एसडीएम रतलाम अनिल भाना को दिया गया कलेक्टोरेट कार्यालय पर आज कांग्रेस ने नीमच जिले में कछाला ग्राम में जैन संत पूज्यनीय शैलेश मुनि जी, मुनींद्र मुनि जी, बलभद्र मुनि जी , पर रविवार की रात प्राणघातक हमले के विरोध में प्रदर्शन किया । आधे घंटे तक मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और अपराधियों को फांसी दो, आजन्म कारावास दो , के नारे लगाए गए । ज्ञापन में कहा गया कि की जैन मुनियों का हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम करना , भारतीय संस्कृति की अद्वितीय परंपरा का जीवंत उदाहरण है प्रदेश की कानून व्यवस्था जर्जर हो चुकी है , और संत समाज पर कातिलाना हमला करने में गुंडो को कोई खौफ नहीं



है । ज्ञापन में मांग की गई है कि टीआई बीएल भाभर द्वारा दो घंटे तक रिपोर्ट नहीं लिखने , तथा समाज जन से दुर्व्यवहार करने , तथा मुनि वर्ग के खिलाफ अशालीन कमेंट्स करने की शिकायत के बाद भी शासन स्तर पर टीआई पर कोई कार्रवाई नहीं करना यह दर्शाता है कि गुंडों को संरक्षण दिया जा रहा है ज्ञापन में महामहिम राज्यपाल से मांग की गई है कि आरोपियों को आजन्म कारावास जैसे कठोरतम दंड से दंडित किया जाए तथा सभी संप्रदाय के संतों को विशेष संरक्षण प्रदान किया जाए तथा मुख्यमंत्री जिनके पास गृह मंत्रालय भी है, उन्हें इस संबंध में ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएं ज्ञापन का वाचन पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने किया । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, विनोद मिश्रा मामा, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह अठाना, कार्यकारी अध्यक्ष फैय्याज मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, राजकुमार जैन, गणेश यादव, जाएंब आरिफ, पीयूष बाफना, पार्षद सलीम मोहम्मद बागवान, पार्षद नासिर कुरेशी, हितेश पेमाल, रजनीकांत व्यास, डॉ अजय चत्तर, संजय बरमेचा, राजनाथ यादव,जितेंद्र हाड़ा, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## इंदौर जिला और शहर कांग्रेस के नेतृत्व में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर ईडी चार्जसीट दायर करने के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**राजेश पिल्ले** इंदौर-महू- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर ईडी चार्जसीट दायर करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन कर महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया। क्योंकि राजनीतिक रंजिश के कारण भाजपा अब बदले की कार्रवाई पर उतर आई है। इसी के तहत इंदौर जिला व शहर कांग्रेस के नेतृत्व में इंदौर ईडी कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, पूर्व विधायक अश्विन जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा, इंदौर प्रभारी अवनीश भार्गव, सह प्रभारी गजेंद्र सिसोदिया, जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, राधेश्याम पटेल, मृणाल पंत, राजू भदोरिया,जुगनू जादवसिंह धनावत, देवेंद्र यादव,





जीतू ठाकुर, अर्चना जायसवाल,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीता डांगरे, प्रेम चौहान, जोहर मानपुर वाला, मनीष पटेल, दौलत पटेल,गजेंद्र राठौर, पुनीत शर्मा,रजत पटेल, दिनेश पंचोली,गणेश यादव, महेंद्र यादव, अभिषेक यादव, शरीफ पटेल, इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

# शंभूपुरा थाने के सहायक उपनिरीक्षक धाकड़ सर्वोच्च सेवा चिन्ह पदक से सम्मानित

**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** 76 वे राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर 16 अप्रेल को संभाग स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। उदयपुर रेंज आईजी राजेश मीणा के मुख्य आथित्य में समारोह मनाया गया। सराहनीय कार्य करने पर 189 पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक, राजस्थान पुलिस पदक, डीजीपी डिस्क,



सेवा चिन्ह और प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य कार्यक्रम हुए। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी सहित जिले के कहीं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत पुलिसकर्मी व अन्य जिलों के सेवा कार्य करने वाले नागरिक भी शामिल थे। इस अवसर पर जिले के शंभूपुरा थाने के सहायक उप निरीक्षक डालचंद धाकड़ को उनकी सराहनीय सेवा पर सर्वोत्तम सेवा चिन्ह पदक से सम्मानित किया गया। धाकड़ को मिले इस सम्मान के बाद शंभूपुरा थानाधिकारी रामलाल मीणा सहित समस्त स्टाफ एव क्षेत्रवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जीरन के तत्वाधान में ज्ञापन सौपा

**नीमच** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश व जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जीरन के तत्वाधान में केंद्र की तानाशाह सरकार ने बिना किसी सबूतों के आधार पर, त्याग और शहादत की प्रतिमूर्ति, कांग्रेस पार्टी की आन बान शान हम सब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की नेता और यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया जी गांधी पर ईडी की चार्जशीट दर्ज की हे जो पूरी तरह निराधार हैं, जिसका कांग्रेस का हर कार्यकर्ता कड़ा विरोध करता है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद दक ने कहा भाजपा की केंद्र सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों का





हनन करते हुए देश में विपक्ष की आवाज को दबाना चाहता है जिस पार्टी ने अंग्रेजों को इस देश से भगा दिया था उस पार्टी के नेता भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही का भी अंत करेंगे जीरन तहसील मुख्यालय पर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित करते हुए ज्ञापन सौपा ज्ञापन सोपने के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामकरण संगवारिया मंडलम अध्यक्ष राकेश मेरावत किसान नेता रमेश राजोरा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चांदमल राजोरा पूर्व पार्षद शांतिलाल राठौर प्रहलाद राठौड़ मुकेश मेरीवाला सत्यनारायण पंचायत मनसुख भूत दशरथ दुदावत दिलीप राठौड़ हबीब हुसैन बंटी जाट सहित कई कांग्रेस जन उपस्थित थे !

## नो फिकर टीम द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर जन्म जयंती पर बे जुबान पंछियों के लिए अनेकों सकोरे लगाए

**जिला ब्यूरो - पुष्पेंद्र सिंह लोधी** दमोह जिला में आपने एक ओर देखा होगा। जहाँ संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर नेताओं ने मालाएं पहनाकर एवं बाइक रैली निकाल कर उनकी जयंती का सम्मान किया। और एक तरफ नो फिकर संस्था ने हमेशा की तरह नवाचार करते हुए । अपने अनूठे अंदाज़ में संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर अपनी राम राज्य फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए 1111 सकोरा लगाए । जिसमें मध्य प्रदेश के 29 जिलों के सदस्यों ने इस पहल में शामिल होते हुए डॉ. भीम







राव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए, नो फिकर संस्था की यह पहल बड़ते तापमान को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए सार्थक भी प्रतीत होती है, नो फिकर संस्था के संपादक अभिनव मुखुटी ने बताया । कि यह अवसर हमारे लिए विशेष था क्योंकि हमारी शॉर्ट फिल्म राम राज्य को जनता का अप्रत्याशित स्नेह और सत्कार मिला है जिसकी खुशी मनाने नो फिकर संस्था के सदस्यों द्वारा प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए सकोरा लगाने की पहल की गई तथा नेताओं को बताने का प्रयास किया की बाबा साहब को पूजने की नहीं समझने की जरूरत है, वैसे बता दें नो फिकर संस्था द्वारा निर्मित शॉर्ट फिल्म राम राज्य राम नवमी पर प्रदर्शित हुई थी जिसे अब तक फेसबुक पर 7 लाख से ज्यादा दर्शक देख चुके हैं वहीं यू-ट्यूब पर आंकडा 50 हज़ार से अधिक हो गया है।

## नगर परिषद के पूर्व ब्रांड एंबेसडर रहे नारायण सोमानी ने कहा नगर में आई लव जावद, मेरा शहर मेरा गौरव रंगीन बोर्ड कई महीनो से खराब होकर धूल खा रहे है, शीघ्र ही चालू किया जाए




**नारायण सोमानी** जावद- नगर परिषद की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते नगर के गांधी वाटिका के पास एवं बस स्टैंड शास्त्री चौक पर नगर की शान दोनो जगहो पर आई लव जावद का एलईडी रंगीन लाईट वाला बोर्ड, वही गांधी चौराहा पर मेरा शहर, मेरा गौरव का रंगीन चलने वाला बोर्ड कई महीनो से बंद होकर धूल खा रहे हैं जिससे नगरवासियों में रोष व्याप्त है। नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में ब्रांड एंबेसडर एवं प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी ने जावद एसडीएम प्रीति संघवी नाहर, तहसीलदार मयूरी जोक, नगर परिषद सीएमओ जगजीवन शर्मा, इंजिनियर बलवंतसिंह ठाकुर सहित सबंधित अधिकारियों से मांग की है कि स्वच्छता अभियान सर्वेक्षण 2022 में जावद बने नंबर 1 को देखते हुए नगर परिषद द्वारा 2022 में गांधी वाटिका के पास एवं बस स्टैंड शास्त्री चौक पर दोनों जगहो पर आई लव जावद वही गांधी चौराहा पर मेरा शहर, मेरा गौरव का रंगीन चलने वाला बोर्ड लगाया था लेकिन पिछले कई महीनो से बंद होकर धूल खा रहे है सभी को शीघ्र ही सही करवाकर चालू किया जाए ताकी रोशनी से नगर एक बार फिर से जगमगाए और नगरवासी सेल्फी लेवे। आपको बतादे कि जावद नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में ब्रांड एंबेसडर नारायण सोमानी के सफल एवं सक्रिय प्रयासो से स्वच्छता रेकिंग में जावद नंबर 1 बने इसको देखते हुए तत्कालिन एसडीएम राजेंद्र सिंह के निर्देश से नगर परिषद सीएमओ जगजीवन शर्मा ने दोनो जगहो पर आई लव जावद एवं गांधी चौराहा पर मेरा शहर, मेरा गौरव का रंगीन बोर्ड सेल्फी पाइंट लगाया था। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान संर्वेक्षण 2022 मे जावद स्वच्छता में देश में 26वॉं. प्रदेश में 17वॉं. स्थान की उपलब्धि हासिल करके जावद नंबर 1 बना जो नगर के सुनहरे अक्षरो में जावद का नाम दर्ज हुआ जो नगर के लिए गर्व की बात है।

## बुरहानपुर की बिटिया निक्की तिवारी ने टॉप एच. आर. इनोवेटर के रूप में द मिडल इस्ट लीडरशिप अवार्ड दुबई से प्राप्त एल




**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुर नि.प्र.- बुरहानपुर जिले से लगभग 7 वर्ष पूर्व बुरहानपुर की वरिष्ठ समाज सेविका आशा तिवारी की बड़ी सुपुत्री अनुष्का तिवारी ने एम. बी. ए. की पढ़ाई अपने जीवन में कुछ बन पाने की ख्वाहिश को लेकर बुरहानपुर जिले से दुबई के लिए उड़ान भरी और उड़ान का परिणाम यह निकला आज बुरहानपुर जिले का नाम बुरहानपुर की इस बिटिया बालिका तिवारी ने यू.ए.ई. ,ओमान ,इजिप्त ,कतर ,के.एस.ए. शीर्ष एच. में. आर. इनोवेटर के रूप में द मिडलट लीडरशिप अवार्ड 2025 प्राप्त किया गया, जिसमें उन्हें यह पुरस्कार मिला, माता आशा तिवारी, भाई अनुराग तिवारी, भाभी प्रिया तिवारी, बहन नीजी तिवारी के साथ साथ बुरहानपुर के प्रतिष्ठित नागरिको में महेंद्र जैन, मेहुल जैन, उषा चौहान, सरोजा अग्रवाल, मीना जैन, रजनी गट्टानी, मनोरमा शर्मा, इंद्रजीत कौरा बिंद, तस्लीम मर्चेंट, भारतीय ब्राह्मण मार्च बुरहानपुर मंगला जियॉ, कुसुमलता तिवारी, आशा पत्रिका, प्रेमलता साकले आदि अन्य ने यह पुरस्कार पाने के लिए अपनी माता आशा तिवारी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

# आदिवासी समाज ने देजा दारू और डीजे पर रोक लगाने का लिया संकल्प




**एजाज खान बुरहानपुर** बुरहानपुर,,डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम हसनपुरा जिला बुरहानपुर में सर्व आदिवासी समाज कल्याण संगठन द्वारा बैठक बुलाई गई थी! बैठक मे गुड़ी धूलकोट नेपानगर पंधाना खकनार और शाहपुर क्षेत्र के सैकड़ों आदिवासी गांव पटेल सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण महिलाएं और युवा शामिल हुए ! बैठक का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज मे चल रहे देजा दारू और डीजे पर रोक लगाना है ताकि समाज को गरीबी अशिक्षा और पलायन से बचाया जा सके!

जबलपुर से कार्यक्रम मे शामिल होंने आये बिलरसिंह जमरा ने बताया कि आदिवासी समाज शादी मे दहेज दारू और डीजे का चलन बढ़ता जा रहा है जिस कारण शादीयों मे फिजूल खर्चा बड़ जाता है लोग कर्जे मे डूब रहे है जिसके कारण लोगो को महाराष्ट्र गुजरात की ओर पलायन करना पड़ता है! कार्यक्रम का संचालन विजय धारवे ने किया!

समाज का सामूहिक संकल्पप्बदलाव की शुरुआत हमसे बैठक मे शामिल हुए लोगों ने एकजुट होकर संकल्प लिया की अब हम अपने गांवों में छ्ठ देजा दारू और डीजे की कोई भी बुराई नहीं फैलने देंगे। हम अपने बच्चों को एक सुरक्षित, सशक्त और संस्कारित भविष्य देंगे। यह सिर्फ एक बैठक नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा का संकल्प है। सर्व आदिवासी समाज कल्याण संगठन (ढ्ढछ्ढ) ने सभी ग्रामवासियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और बुद्धिजीवियों से इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की है।यह लोग रहे शामिल टकलसिंह महाराज प्रेमसिंह पटेल प्रताप मंडलोई रतन अलावे तारा सिंह डावर दूर सिंह डावर राई सिंह डावर खियाली बाई सुर सिंह भाई मांगीलाल पटेल प्रेम सिंह चौहान पटेल सुनील निगवाल हितेश मंडलोई पवन बरडे विजय मंडलोई आसाराम देवड़ा तुलसीराम दुर्गे चंदर नागराज धूपले सर प्रेम निराले अन्तर सिंह डावर राजकुमार डावर और सैकड़ों की संख्या आदिवासी शामिल हुए!

## सुश्री जयमाला दीदी वैष्णव के मुखारविंद से तीन दिवसीय संगीतमय नानी बाई को मायरा की कथा होगी



**गोपाल नरवाडिया** अठाना । समीप राज राजस्थान के ग्राम कनेरा में श्री राधाकृष्ण मंदिर कनेरा (पचोरिया का मौहल्ला) के तत्वावधान में श्री राधाकृष्ण मंदिर जिर्णोद्वार एवं शिव परिवार की भव्य प्राण प्रतिष्ठा एवं 7 दिवसीय 5 कुण्डीय महायज्ञ का भव्य आयोजन दिनांक 14 अप्रैल 2025 से दिनांक 20 अप्रैल 2025 तक स्थान श्री राधाकृष्ण मंदिर पचोरिया का मौहल्ला कनेरा (राज.) में हो रहा है। धार्मिक, सामाजिक मीडिया प्रभारी नारायण सोमानी, संदीप बाफना जावद ने बताया है कि इसी धार्मिक आयोजन के अंतर्गत मालवा, मेवाड में सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता सुश्री जयमाला दीदी वैष्णव (निलिया वाले) के मुखारविंद से दिनांक 17 अप्रैल 2025 गुरूवार से 19 अप्रैल 2025 शनिवार तक समय दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक तीन दिवसीय संगीतमय नानी बाई को मायरा की कथा आयोजित होगी। मीडिया प्रभारी जावद निवासी नारायण सोमानी, संदीप बाफना ने कनेरा एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीणजन, भक्तजनो से निवेदन किया अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ लेवे।

## राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुर के एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस पार्टी ने विपक्षी नेताओं पर परिवर्तन निदेशालय ईडी की दुर्भावना पूर्ण कार्रवाई के विरोध में न्याय और लोकतंत्र की रक्षा के लिए राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष हर्षित ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं पर भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता ईडी जैसी कार्रवाई या करवाते हैं और जिसके माध्यम से उनको परेशान करने का काम करते हैं। इसलिए आज हमने तीन बिंदुओं के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एसडीएम पल्लवी पौराणिक को ज्ञापन सोपा जिसमें उन्होंने कहा है कि आप भारत के संविधान के रक्षक है इस गंभीर प्रकरण में स्वत संज्ञान ले और केंद्र सरकार से जवाब करें कि बिना किसी मूल शिकायत के किस आधार पर वर्षों पुराने प्रकरण को पुन: खोलकर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है राजनीतिक पकी आड़ में लोकतंत्र को कुचलने की साजिश को रोका जाए इस प्रकार कई कार्रवाई पर तत्काल निष्पक्ष और स्वतंत्र न्यायिक जांच की व्यवस्था हो इस तरह की प्रमुख बातों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह, देवेश्वर वीर सिंह, सौरभ कुरैशी, इंज़माम बक्श, भावेश तोमर, बुरहानपुर प्रभारी उत्तम पाल सिंह, इमरान हुसैन हाफिस मंसूरी पार्षद, शाहिद बंदा पार्षद, मुज्जू मीर पार्षद, अब्बास अंसारी पार्षद इन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लाड़ली बहना योजनान्तर्गत पात्र महिलाओं को सिंगल क्लिक से राशि वितरण

**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे बुरहानपुर-मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को सिंगल क्लिक से माह अप्रैल-2025 की मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरण प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम जिला मंडला में आयोजित रहा। जिले में कार्यक्रम का प्रसारण वेबकॉस्ट के माध्यम से संयुक्त कलेक्टर कार्यालय में उपस्थितजनों ने देखा व सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी द्वारा लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले की कुल 1,30,316 पात्र महिलाओं के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की गई।**

**इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि, परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण एवं लाडली बहनाएं महिलाएँ उपस्थिति रही।**



# जय बजरंग सेना ने कलेक्टर सहित नगर निगम आयुक्त से की शिकायत रेणुका माता मंदिर के आसपास कचर पसरा पड़ा

## सफाई की व्यवस्था ठप



**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे** बुरहानपुर आज दिनांक 16 अप्रैल बुधवार को जय बजरंग सेना के पदाधिकारी ने कलेक्टर सहित नगर निगम आयुक्त को लिखित में शिकायत दी जिला अध्यक्ष अनिल महाजन जिला संरक्षक प्रीतम महाजन ने बताया कि पर्यटन नगरी में 500 साल पुराना प्राचीन मंदिर मॉ रेणुका मंदिर है यहां सफाई कर्मचारी नहीं आता सफाई की व्यवस्था ठप है दूसरी ओर रेणुका माता मंदिर पुजारी ने जय बजरंग सेना के पदाधिकारीयो से मांग की थी जिसको देखते हुए आज जय बजरंग सेना ने कलेक्टर सहित नगर निगम आयुक्त को लिखित में शिकायत दी पुजारी द्वारा जय बजरंग सेना को बताया गया था कि कई सालों से पुजारी द्वारा स्वयं साफ सफाई करते आरहे हैं वह मंदिर में लाइट व्यवस्था बराबर नहीं है यह प्राचीन मंदिर है इस प्राचीन मंदिर की ओर ध्यान देना चाहिए मंत्री विधायक वह सांसद शहर बुरहानपुर शहर में होने के बावजूद प्राचीन मंदिर रेणुका मॉ आंगन में साफ सफाई नहीं हो रही है महाराज ने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश महाराष्ट्र से भी श्रद्धालु यहा दर्शन करने आते हैं और यहां साफ सफाई की व्यवस्था नहीं बडा गंभीर विषय है जहां शहर बुरहानपुर में सफाई को लेकर बड़े-बड़े मोहिम चलाई जा रही और जमीनी स्तर पर सफाई नजर नहीं आ रही एवं सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है जिसको देखते हुए जय बजरंग सैना ने कलेक्टर सहित नगर निगम आयुक्त को शिकायत दी जिला अध्यक्ष अनिल महाजन ,जिला संरक्षक प्रीतम महाजन, जिला उपाध्यक्ष गोपाल कालेकर ,जिला महामंत्री संतोष पाटिल, जिला सचिव संदीप भाल सिंग ,सदस्य सुनील सोनी, आदि मौजूद रहे

# पांच दिवसीय महायज्ञ शीतला माता मंदिर खरसोद कला



**संजय आचार्य** खरसोद कला:-- पंच दिवसीय पंच कूडात्मक महायज्ञ का आयोजन खरसोद कला में शीतला माता मंदिर पर रखा गया है जो की 16 मई वैशाख सुदी से प्रारंभ होकर वैशाख सुदी , दिनांक 20 -4-2025 को पूर्ण होगी व पूर्णाहुति द्वगंगाजल यात्रा निकाली जाएगी एवम प्रसाद वितरण होगी यज्ञ का कामकाज यज्ञ के ब्रह्मा पंडित विष्णु प्रसाद तिवारी नाटाराम वाले व पंडित अभिषेक शुक्ला खरसोद कला पप्पू शर्मा,मनोज शर्मा द्वारा समापन होगा वक्त जानकारी बाल गणेश मंडल द्वारा दी गई

# बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने एक बार फिर हिंदू राष्ट्र को लेकर दिया बड़ा बयान



**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** रतलाम आए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बंजली चौराहा पर हुआ दिव्य आशीवर्चन कार्यक्रम; बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने एक बार फिर हिंदू राष्ट्र को लेकर बड़ा बयान दिया हैं। उन्होंने कहा कि इस बार की शुरुआत और हिंदू राष्ट्र का जो झंडा निकलेगा वह मध्य प्रदेश के रतलाम से निकलेगा। उन्होंने कहा कि हमने सुना है कि यहां पर भी हरे रंग वाले है। उनसे बोल देना कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। वहीं उन्होंने बताया कि अक्टूबर - नवंबर महीने में दिल्ली से वृंदावन तक पदयात्रा निकलेगी।

# ग्राम मांगरोल व खेड़ी को ग्राम पंचायत गोठड़ा में रखने की मांग

## ग्रामीणों ने SDM को सौंपा ज्ञापन



**जुबेर अहमद** धरियावद-ग्राम मांगरोल व खेड़ी के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत मांगरोल व खेड़ी को ग्राम पंचायत गोठड़ा में पूर्व की भांति रखा जाए। साथ ही सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी धरियावद को ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि हम समस्त ग्रामवासी ग्राम मांगरोल व खेड़ी ग्राम पंचायत गोठड़ा के रहने वाले है। हम कई वर्षों से गोठड़ा पंचायत में ही है। ऐसे में अभी नवसृजित ग्राम पंचायत बावड़ी खेड़ा में हम गांव मांगरोल व खेड़ी को शामिल कर नई पंचायत बनाई गई। जिसकी हम सभी गांव वाले आपत्ति दर्ज करते हैं। बताया कि हमारा सीधा जुड़ाव ग्राम पंचायत गोठड़ा से है। ऐसी स्थिति में हमारे साथ ज्यादती हो रही है। हमारे गांव से ग्राम पंचायत गोठड़ा मुख्यालय की दूरी करीब 1 किलोमीटर की है और नवसृजित ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा की दूरी 5 किलोमीटर की है। ऐसे में सिर्फ और सिर्फ हम गांव वाले राजनीति के शिकार हुए हैं। हमारे गांव से बावड़ी खेड़ा पंचायत तक जाने के रास्ते में बीच में वन विभाग की जमीन पड़ती है। जहां ना तो रोड बना हुआ है और ना ही आवागमन के साधन है। ऐसी स्थिति में हमारे साथ कुठाराघात किया जा रहा है। जिसका हम विरोध करते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि हम पूर्व की भांति हमे ग्राम पंचायत गोठड़ा में रखा जाए। अगर हमारे साथ धोखा कर हमें नई ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा में शामिल किया गया तो हम इसका पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे। रास्ता जाम करेंगे। साथ ही आने वाले समय में चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन में सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष व ग्रामीणजन सम्मिलित हुए है।

# सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर इडी द्वारा प्रकरण दर्ज करने के खिलाफ कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन



**हजारों कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर दिया ज्ञापन**

**नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठा आयकर कार्यालय**

**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** रतलाम सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा वर्षों पुराने प्रकरण के आधार पर बिना सक्षम प्रमाण के प्रकरण दर्ज करने के खिलाफ कांग्रेस ने आयकर कार्यालय के सामने जंगी प्रदर्शन किया हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर अंबेडकर सर्किल पर नारेबाजी करने के बाद आयकर कार्यालय रतलाम में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया आयकर के जॉइंट कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव की अनुपस्थिति में अधिकारी मोनीष सिंह ने ज्ञापन लिया ज्ञापन का वचन शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने किया और प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व जिलाअध्यक्ष तथा पूर्व विधायक हर्षविजय गहलोत ने किया इस अवसर पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और आयकर कार्यालय पर एक घंटे तक जमकर नारेबाजी की गई नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद नरेंद्र मोदी की तानाशाही नहीं चलेगी आदि नारों के साथ आयकर कार्यालय गूंज उठा कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए हर्षविजय गहलोत ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है, और तानाशाही ताकते दबे कदमों से लोकतंत्र को खत्म करने का षड्यंत्र कर रही है जिसके लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता को हर कुर्बानी देने के लिए तैयार रहना होगा शहर अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया ने कहा कि नरेंद्र मोदी राजनीतिक दुश्मनी और प्रतिशोध की भावना से काम कर रहे हैं, और उनकी हर दुर्भावनापूर्ण कारवाई का जमकर विरोध किया जाएगा ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध किया गया कि वह केंद्र सरकार से पूछे कि बिना किसी शिकायत के वर्षों पुराने प्रकरण पर ईडी ने बिना किसी प्रमाण के सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी पर प्रकरण किस आधार पर दर्ज किया राजनीतिक प्रतिद्वंता के चलते लोकतंत्र को कुचलने और विरोधियों पर झूठे प्रकरण दर्ज करने के खिलाफ आप शासन से जवाब तलब करें इस अवसर पर पूर्व विधायक पारस सकलेचा , नगर निगम रतलाम में नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा , सैलाना नगर पंचायत अध्यक्ष लकी शुक्ला, पारस दादा सकलेचा, शांतिलाल वर्मा, सतीश पुरोहित, जावरा विधानसभा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष ग्रामीण दिनेश शर्मा, कोमल धुर्वे, मयंक जाट, कुसुम चाहर, सलीम मोहम्मद बागवान, रजनीकांत व्यास, विनोद मिश्रा मामा, जायेब आरिफ, फैयाज मंसूरी, शैलेंद्र सिंह अठाना, बसंत पंड्या,राकेश झालानी, राजनाथ यादव, नासिर कुरेशी, हितेश पेमाल, सोहेल काजी, गणेश यादव, कमरुद्दीन कछवाय, रामचंद्र धाकड़, राधा प्रजापति, आरिफा कछवाय, शाकिर खान, इकरार चौधरी, पप्पू राठौर, संजय बरमेचा, पियूष बाफना, मनोज खोईवाल, जितेंद्र पडियार मिर्ची, सोनू व्यास, युसूफ शाह, राजकुमार जैन, नीलू अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रयास देवगढ़ द्वारा सांस्कृतिक कला जत्था का आयोजन 29 अप्रैल तक



जुबेर अहमद धरियावद-दिनांक 16 अप्रैल 2025 प्रयास संस्था देवगढ़ द्वारा सामाजिक सुरक्षा परियोजना के तहत धरियावद ब्लॉक की 11 पंचयतों के 34 गांव में कार्य की किया जा रहा है। 13 अप्रैल 2025 से 29 अप्रैल 2025 तक चलने वाले सांस्कृतिक कला जथा के कार्यक्रमों में गैर संचारी रोग बीपी शुगर ग्राम पंचायत ग्राम सभा एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत रोजगार कैसे मिले कला जत्था टीम द्वारा नाटक का प्रस्तुत कर लोगों कोजागरुक किया जा रहा है। कला जत्था कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नाटक को देखकर लोग ब्लड प्रैशर ( बीपी ),शुगर की बीमारी के बारे में जान रहे हैं।

आदिवासी क्षेत्र में गैर संचारी रोग बीपी शुगर बढ रहा है बीपी शुगर से जीवन में आने वाली कठिनाइयों को नाटक के माध्यम से स्थानीय लोगों को जागरुक करते हुए बताया जा रहा है। क्योंकि सामाजिक सुरक्षा परियोजना क्षेत्र जूना बोरिया से नागलिया तक जंगल के आसपास है और उन गांव में जंगल भी अधिक है इसलिए मनरेगा एवं पंचायत ग्राम सभा के अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। गांव के लोग मिलकर पंचायत की ग्राम सभा में भागीदारी कर अपने गांव की विकास योजना बनाएं गांव में समृद्धि आएगी। कला जत्था के कार्यक्रमों को देखने के लिए सभी गांव में बड़ी संख्या में लोग महिला पुरुष सभी आ रहे हैं एवं जत्था के कार्यक्रम और संदेश को लोग बहुत ही सारा रहे हैं।

प्रयास संस्था के जिला समन्वयक जवाहर सिंह डागुर ने बताया कि सांस्कृतिक कला जत्था का पहले 3 दिन देवगढ़ में प्रशिक्षण किया गया और दिनांक 13 अप्रैल 2025 से जूना बोरिया एवं नागलिया में पहला कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कला जत्था 29 अप्रैल 2025 तक परियोजना क्षेत्र के विभिन्न 34 गांव में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। आप सभी पत्रकार बंधु आमंत्रित हैं। आज का कार्यक्रम गांव रनिया एवं हजारीगड़ा में होगा।प्रयास देवगढ़ द्वारा सांस्कृतिक कला जत्था का आयोजन किया जा रहा है।

# कलश यात्रा के साथ-साथ दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ





**मनीष मीणा** पीथमपुर सेक्टर 1 बुधवार से इंडस टाउन फेज 1 शिव मंदिर पर भागवत ज्ञान गंगा का आयोजन प्रारंभ किया गया है। सुबह 10:00 बजे हाउसिंग के सिद्धेश्वर गणेश मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ किया गया हाउसिंग के मार्गो से होकर यात्रा इंडस टाउन फेस वन शिव मंदिर तक शोभा यात्रा समापन हुआ । कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में महिलाएं बच्चे युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भागवत कथा का आयोजन इंडस टाउन के रहवासियों द्वारा किया जा रहा है। 7 दिन तक भागवत कथा दोपहर 2:00 बजे से 5:00 तक कथा वाचक आचार्य पंकज शर्मा द्वारा संगीत के साथ कथा की जाएगी। कथा में प्रमुख रूप से रमेश चंद्र तिवारी, रमेश चंद मिश्रा ,टीआर मिश्रा राजेंद्र वालिया, शहर काफी तादात में क्षेत्र के रहवासी महिलाएं बच्चों उपस्थित थे।

# पुरुषों के अधिकारों के लिए दिल्ली में होगा सत्याग्रह

## डॉ संदीप गोहे के नेतृत्व में बैतूल से दिल्ली रवाना होगी एसआईएफ बैतूल की टीम

**अजय बचले की रिपोर्ट**
आमला । देशभर में झूठे मुकदमों, वैवाहिक विवादों, आत्महत्या और मानसिक उत्पीड़न जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे पुरुषों के समर्थन में 19 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक ऐतिहासिक आंदोलन होने जा रहा है। सेव फैमिली फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस शांतिपूर्ण आंदोलन का नाम पुरुष सत्याग्रह रखा गया है। यह कार्यक्रम देशभर के पुरुष अधिकारों के लिए लड़ रहे संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सबसे बड़ा मंच बनने जा रहा है। इस आंदोलन में बैतूल जिले से भी एसआईएफ बैतूल की टीम शामिल होने जा रही है। यह टीम जिले की एकमात्र ऐसी गैर-सरकारी संस्था है जो पुरुषों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय है। एसआईएफ बैतूल झूठे दहेज




प्रकरण, घरेलू हिंसा कानूनों के दुरुपयोग, वैवाहिक विवादों, आत्महत्या के बढ़ते मामलों और पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर काम कर रही है। एसआईएफ बैतूल के संस्थापक डॉ संदीप गोहे ने बताया कि दिल्ली में होने जा रहा यह सत्याग्रह पुरुषों को भी समाज में न्याय और समानता दिलाने की पहल है। उन्होंने कहा कि आज समाज में जिस प्रकार पुरुषों को झूठे आरोपों में फंसाया जा रहा है और कानूनी असंतुलन की वजह से कई निर्दोष पुरुष आत्महत्या तक कर रहे हैं, वह चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि पुरुष सत्याग्रह का मुख्य उद्देश्य इन मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर लाकर न्यायिक और सामाजिक सुधारों की मांग करना है। डॉ संदीप गोहे के नेतृत्व में बैतूल से रवाना हो रही एसआईएफ बैतूल की टीम दिल्ली में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी और जंतर-मंतर पर आयोजित इस सत्याग्रह में पुरुषों की आवाज़ को मजबूती से प्रस्तुत करेगी। पुरुषों को सहायता प्रदान करने के लिए एसआईएफ बैतूल द्वारा हेल्पलाइन नंबर 8882498498 भी जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या साझा कर सकता है। डॉ गोहे ने बताया दिल्ली में होने वाला यह ऐतिहासिक सत्याग्रह पुरुषों की पीड़ा, उनकी उपेक्षित आवाज़ और न्याय की मांग को लेकर एक निर्णायक कदम साबित हो सकता है, जिसमें बैतूल की भागीदारी भी अहम भूमिका निभाएगी।

# बुरहानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में शाम के समय की जा रही है सतत फुट पेट्रोलिंग

**सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक।**
**सार्वजनिक स्थानों, चौराहों पर पुलिस की सक्रिय उपस्थिति।?.किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई।**



**एजाज खान बुरहानपुर**
बुरहानपुर,पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 16/04/2025 को थाना/चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमावड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक बुरहानपुर पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

# सीएम राइस स्कूल कुकडेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई त्रिशताब्दी समारोह अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**कुकड़ेश्वर राजू पटेल कुकडेश्वर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई त्रिशताब्दी समारोह विभिन्न चरणों में मनाया जा रहा है इसके लिए निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय कुकड़ेश्वर में लोकमाता के व्यक्तित्व पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। संस्था के शिक्षकों ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन और सुशासन से संबंधित विचार बच्चों के साथ साझा किये। इसके साथ ही जल गंगा जल संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत छात्रों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया और जल की महत्ता को बताते हुए विविध प्रकार की रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस पूरे कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों की सहभागिता और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही विद्यार्थियों को पर्यावरण और जल संरक्षण से संबंधित ज्ञान प्राप्त हुआ एवं जल जागरुकता हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य दिलीप ग्वाला,कार्यक्रम प्रभारी प्रदीप तंबोली तथा विद्यालय स्टाफ भी मौजूद रहे।**



## ईडी पर झूठी कार्यवाही का आरोप,नीमच शहर ब्लॉक कांग्रेस का धरना आज

**राजू पटेल** नीमच-- गुजरात व बिहार में विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपनी पराजय दिख रही हैं, और ऐसे में भाजपा की मोदी-शाह की जोड़ी सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस के नेताओं को डराने धमकाने का काम कर रही हैं। इसलिए कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा फर्जी मामले में आरोप पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके विरोध में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीमच के बैनर तले कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा आज केंद्र की मोदी सरकार के विरुद्ध धरना दिया जाएगा। कांग्रेसजनो द्वारा यह धरना आज दोपहर 03 बजे से शहर के फॉर जीरो चौराहे पर प्रारंभ होगा। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एक अध्यक्ष राकेश अहीर व शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दो अध्यक्ष मोनू लोक्स ने धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी कांग्रेसजनो से शामिल होने की अपील की हैं।

# केले के रेशे से बनी शादी की पत्रिका और पावरलूम कपड़े का लिफाफा

**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे**

बुरहानपुर। 21 फरवरी 2025 का आमंत्रण पत्र मध्यप्रदेश सहित सामाजिक, राजनैतिक प्रमुखों और प्रबुद्धजनों को देश के कोने-कोने में पहुंच रहा है। इस वैवाहिक आमंत्रण पत्रिका को विशेष रूप से बुरहानपुर जिले के प्रमुख कृषि उत्पाद केला और पावरलूम के कपड़े को केन्द्र में रखकर डिजाइन किया गया। साथ ही इसके निर्माण में गोबर का भी उपयोग किया गया है। जैसे ही यह पत्रिका आमंत्रित जन के हाथों में पहुंचती है तो यह पत्रिका समाज में चर्चा का विषय बन रही है। यह आमंत्रण पत्रिका बुरहानपुर की पर्यावरण के प्रति जागरूक जनप्रतिनिधि, विधायक एवं लाडली बेटी श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने अपने छोटे पुत्र समर्थ चिटनिस के वैवाहिक कार्यक्रम में आमंत्रण देने हेतु बनवाया है।

केले के रेशे और गोबर के मिश्रण से निर्मित कागज



बुरहानपुर जिले का प्रमुख उत्पाद केला तथा कपड़ा उद्योग को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने सदैव इनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाने हेतु अपने प्रयासों को जारी रखा है। जिसमें पिछले पारिवारिक कार्यक्रम में आमंत्रित मेहमानों को केले के दोने-पत्तल में भोजन कराया था, जिसमें जीरो वेस्ट प्लॉस्टिक का उपयोग कर पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया था। इसी क्रम को जारी रखते हुए इस बार श्रीमती चिटनिस ने केला, गन्ना और स्थानीय उत्पाद कपड़ा तीनों का प्रचार-प्रसार देशभर में अपने इस पारिवारिक कार्यक्रम की आमंत्रण पत्रिका के माध्यम से करने का सराहनीय प्रयास किया है। पत्रिका हेतु कागज का निर्माण केले के रेशे और गोबर के मिश्रण से कराया गया है।

कपड़े की थैली का बनाया लिफाफा

बुरहानपुर कपड़ा उद्योग की दृष्टि से प्राचीनकाल से विश्व में अपना स्थान रखता है। प्राचीनकाल में हाथकरधा और वर्तमान में पावरलूम कपड़े से बुरहानपुर की देशभर में पहचान बनाए रखने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि श्रीमती अर्चना चिटनिस ने पावरलूम निर्मित सूती कपड़े की थैली में आमंत्रण पत्रिका रखकर देशभर में अपने परिचितजनों और प्रादेशिक-राष्ट्रीय स्तर के नेताओं अपने पुत्र समर्थ चिटनिस की शादी का आमंत्रण पत्र प्रेषित किया है। हजारों की संख्या में भेजे गए यह आमंत्रण पत्र निमाड़, मालवा सहित मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और देशभर में जिनके हाथों यह पत्रिका पहुंची उसके लिए आकर्षण का केन्द्र ही नहीं वरन् चर्चा का बिन्दु बन गई है। क्योंकि इस पत्रिका का कवर आम पत्रिका के प्लॅास्टिक कवर नहीं अपितु बुरहानपुर में निर्मित कपड़े से बनाई गई थैली (लिफाफा) है व्यक्ति, परिवार, समाज और देश निर्माण की चिरंतर-निरंतरता का संदेश श्रीमती अर्चना चिटनिस ने इस वैवाहिक पत्रिका में अपने वैचारिक दृष्टिकोण का विशेष रूप से संदेश प्रकाशित कराया है। जिसमें मुख्य पृष्ठ पर प्रकृति, पर्यावरण आधारित मानव जीवन को प्रकाशित करते सूर्यदेव का खिलता प्रकाश, स्वस्तिक सहित चेहकते और आकाश में उड़ते पशु-पक्षी एवं हरियाली का संदेश दिया। साथ ही इस पत्रिका में विशेष रूप डिजाइन में एकात्म मानववाद का अटूट चक्र है जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की सोच जिसमें व्यक्ति, परिवार, समाज और देश निर्माण की चिरंतर-निरंतरता का संदेश दे रहा है। इस पत्रिका को देखते ही विचारवान नागरिक के मन में प्रकाशित खिलता, हंसता हुआ सूर्य, पेड़ पर चेहकते पक्षी पर्यावरण प्रेम दर्शाती यह पत्रिका मानव जीवन को हर्षित और उल्लासित करने वाला स्पष्ट भाव दर्शाती हैं।

स्थानीय उत्पाद को मिले समर्थन-ब्रम्हपुर का हो उत्साह वर्धन

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि समर्थ व नम्रता के मंगल परिणय का यह आमंत्रण पत्र केले की फसल के बाद शेष तने से निकाले गए रेशों, गोबर व कपास से बनाए गए कागज पर लिखित है। इस आमंत्रण पत्र को ब्रम्हपुर (बुरहानपुर) में बने कपड़े की थैली में रखा गया है। स्थानीय उत्पाद को मिले समर्थन-ब्रम्हपुर का हो उत्साह वर्धन है। प्रकृति से उत्पन्न व प्रकृति में ही समाहित हो जाने वाला यह निमंत्रण पत्र हमें प्रकृति से एकात्म होकर जीने की प्रेरणा देता है। यही जीवन का मंगल उत्सव है।

# नारायण सिंह (रिंकू)दरबार जिलाध्यक्ष नियुक्त

शुभम् राठौड़
उदयगढ़-पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद मध्यप्रदेश के अध्यक्ष हीरालाल पाटीदार के द्वारा नारायण सिंह (रिंकू)दरबार उदयगढ़ जिला अलीराजपुर को परिषद अलीराजपुर के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। नारायण सिंह (रिंकू) दरबार की अलीराजपुर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने से सभी इष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।





# कांग्रेस नेताओं पर भाजपा के इशारे पर ई.डी. का आरोप ओछी मानसिकता- रतनचंद जैन



दमोह। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति सोनिया गांधी एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उपर नेशनल हेराल्ड प्रकरण प्रर्वतन निदेशालय ईडी. द्वारा जो आरोप पत्र दाखिल किया है वह केन्द्र की भाजपा सरकार की राजनैतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता और आरोप पत्र हटाये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम कांग्रेसजनों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेवाजी करते हुए संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि जिस कांग्रेस परिवार ने देश हित में बलिदान दिये सर्वस्य न्यौछावर कर दिये केन्द्र की भाजपा सरकार के पीएम गृहमंत्री द्वारा बार बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि राजनैतिक प्रतिद्वंदता की आढ़ में लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है गढ़े मुद्दो को उखाड़कर क्या साबित करना चाहती है भाजपा। लक्ष्मण सींग, संजय चौरसिया, परम यादव, राजेश तिवारी, रजनी ठाकुर, आशीष पटेल, तिलक सींग, अरविन्द तिवारी, डिम्पन सेन, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी बबलू भट्ट, दिनेश रैकवार, अरविंद अवस्थी, अभिषेक डिम्हा, शुभम तिवारी, कमला निषाद, अजय जाटव, रियाज खान, उवेद गौरी, संदीप बरदिया ने कहा कि भाजपा द्वारा एक मनगढ़त एवं झूठा केस रचा गया है इसमें कोई तथ्य नहीं है केवल राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से इस केस को उठाया गया है नगर के पार्षद राजा रौतेला, पप्पू कसोटया, रमेश राठौर, अमर सिंह, रफीक खान, असजल खान, शैलेन्द्र सिंह, राजू बगीरा, संजय सेठ, वीरेन्द्र चौबे, विन्दु पटोटया, बसंत कुशवाहा ने भी कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकारे भी रही है किंतु विपक्ष पर कभी भी हमलावर नहीं हुई न ही किसी नेता का अहित किया। इस अवसर पर गीता लोधी, पिंकी दुबे, वकील कुरैशी, सुरेन्द्र हजारी, चिन्टू ठाकुर, अजय पारोचे, संतोष अहिरवार, कल्लू ठाकुर, बाबू चौहान, पुरूषोत्तम पटैल, डालचंद कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर तीन माह में निर्णय लें- हाईकोर्ट

जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया कि अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर तीस दिनों के भीतर निर्णय लिया जाए। याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी संजीवन केरकेटा की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता जेवियर केरकेटा सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में कार्यरत थे। पिता के निधन के बाद परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी आ जाने के कारण याचिकाकर्ता पुत्र ने अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन किया। नियमानुसार आवेदन देने के बाद तीन माह के भीतर नियुक्ति दे दी जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसीलिए हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय ने तर्क से सहमत होकर राहतकारी निर्देश सहित प्रकरण का निराकरण कर दिया।

# दमोह के मिशन अस्पताल में एक और फर्जीवाड़ा उजागर, संचालन मंडल पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

दमोह - दमोह स्थित मिशनरी द्वारा संचालित मिशन अस्पताल एक नए फर्जीवाड़े के चलते सुर्खियों में है। इस बार हार्ट मरीजों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कैथ लैब के पंजीयन में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें अस्पताल के अजय लाल सहित पूरे संचालन मंडल को आरोपी बनाया गया है। इस संबंध में सिटी कोतवाली में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले मिशन अस्पताल में फर्जी कार्डियोलाजिस्ट नरेंद्र यादव का भंडाफोड़ हुआ था, जिसके बाद से अस्पताल में अनियमितताओं की परतें खुलती जा रही हैं। ताजा मामले के अनुसार, हार्ट के मरीजों की एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी करने वाली मशीन (कैथ लैब) डॉ. अखिलेश दुबे के फर्जी हस्ताक्षर से स्थापित की गई थी। कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम ने कैथ लैब और कंसोल रूम को सील कर दिया था और अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) मुकेश जैन को सौंपी थी।

सीएमएचओ की रिपोर्ट के आधार पर सिटी कोतवाली में मिशन अस्पताल के संचालक और प्रबंधन मंडल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने कैथ लैब का पंजीयन कराने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए और डॉ. अखिलेश दुबे के नकली हस्ताक्षर का उपयोग करके ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से अस्पताल का पंजीयन प्राप्त किया। जांच में यह भी पाया गया है कि इसी कैथ लैब में कुछ मरीजों की एंजियोप्लास्टी के बाद मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, मध्यप्रदेश उपचार गृह







एवं रुजोपचार अधिनियम और संशोधित नियमों के तहत अपराध क्रमांक 245/25 दर्ज किया है।

मामले में 9 आरोपी नामजद

पुलिस ने इस मामले में 9 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनके नाम इस प्रकार हैं-

* अशीम न्यूटन, सेन्ट्रल इंडिया क्रिश्चियन मिशन, मारुताल दमोह
* फ्रेंक हैरीशन, सेन्ट्रल इंडिया क्रिश्चियन मिशन, मारुताल दमोह
* इंदू लाल, बेथलेहम केम्पस जबलपुर रोड दमोह
* जीवन मैसी, वैशाली नगर आमचौपरा दमोह
* रोशन प्रसाद, क्रिश्चियन कॉलोनी सिविल वार्ड नं. 5 दमोह
* कदीर यूसुफ, हाउसिंग बोर्ड सिविल वार्ड नं.7 दमोह
* अजय लाल, बेथलेहम केम्पस जबलपुर रोड दमोह
* संजीव लेम्बार्ड, दमोह
* विजय लैम्बार्ड, दमोह

इन सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

दिल में छल्ला फंसाने में गई सात मरीजों की जान रिपोर्ट्स के अनुसार, ईसीजी और ईको में गड़बड़ी आने के बाद एंजियोग्राफी ही एकमात्र विकल्प होता है, जिसमें कार्डियोलाजिस्ट दिल में छल्ला फंसाने की सलाह देते हैं। दमोह शहर में मिशन अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध होने के कारण बड़ी संख्या में हृदय रोगी यहां इलाज के लिए पहुंच रहे थे। आरोप है कि फर्जी कार्डियोलाजिस्ट नरेंद्र यादव ने मशीन का इस्तेमाल कर गलत तरीके से छल्ले फंसाए, जिसके कारण सात मरीजों की जान चली गई।

मिशन अस्पताल पर चौथा गंभीर आरोप यह मिशन अस्पताल पर लगा चौथा गंभीर आरोप है। इससे पहले अस्पताल पर अतिक्रमित जमीन पर बने होने का आरोप है, जिसे हटाने के आदेश भी जारी हो चुके हैं। दूसरा आरोप अजय लाल और उनके बेटे पर कर्मचारियों का धर्मांतरण कराने का है, जिसका मामला भी कोतवाली में दर्ज है। तीसरा मामला फर्जी डॉक्टर एन जोन कैम से जुड़ा था और अब यह चौथा मामला फर्जी कैथ लैब का सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि अस्पताल में फर्जी पैथोलॉजी का पांचवां मामला भी सामने आ सकता है।

प्रशासन से अस्पताल को अपने नियंत्रण में लेने की मांग अस्पताल में लगातार सामने आ रहे फर्जीवाड़ों के बाद अब यह मांग उठने लगी है कि प्रशासन को मिशन अस्पताल को अपने नियंत्रण में ले लेना चाहिए। बताया जा रहा है कि मिशनरी के संचालक फरार हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों और सुचारू रूप से चल रही व्यवस्था को किसी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट जैसे सिंधी समाज या गुरुनानक सोसायटी को सौंप दिया जाना चाहिए या फिर प्रशासन को इसे अपने हाथ में ले लेना चाहिए, जिससे जिला अस्पताल पर पड़ने वाले मरीजों के बोझ को कम किया जा सके।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी का नीमच में किया स्वागत



नीमच 16 अप्रैल 2025 केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का 16 अप्रैल को रात्रि नीमच आगमन हुआ। नीमच के सीआरपीएफ ऑफिसर्स मेस पहुंचने पर गृहमंत्री श्री शाह का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, क्षेत्रीय सांसद ,स्थानीय तीनो विधायकगण, एवं अन्य जनप्रतिनिधि, आयुक्त उज्जैन श्री संजय गुप्ता, आईजी उज्जैन श्री उमेश जोगा, सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारीगण उपस्थितथे।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमयज्ञ में शामिल होकर यज्ञ में आहुति दी, यज्ञशाला की परिक्रमा की

**पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को समझ रही है - मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव**

**हर ब्लॉक में वृंदावन गांव बनाए जाएंगे**

**दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश को देश में प्रथम बनाएंगे**

मंदसौर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंदसौर काला खेत में चल रहे विशाल महा सोमयज्ञ में शामिल हुए। यह यज्ञ 13 अप्रैल से चल रहा है, जो की 18 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यज्ञ में 51 मंत्रोचार के साथ आहुति दी, पूजा अर्चना की तथा सुख, शांति, समृद्धि कामना की। आहुति के पश्चात यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। मुख्यमंत्री ने मंच से संत जनों का साल श्रीफल से सम्मान किया। पवित्र नगरी मंदसौर को शराब मुक्त करने पर 160 समाजों द्वारा मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। इस दौरान सर्वाध्यक्ष पू.पा.डॉ. आचार्य गोस्वामी श्री गोकुलोत्सवजी महाराज, जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, वल्लभ मूल के आचार्यगण, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, संत श्री मणिमहेश चैतन्य जी महाराज, श्री रामकिशोर दास जी महाराज, श्री देवेंद्र शास्त्री, अनीता दीदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, विधायक श्री ओम प्रकाश सखलेचा, विधायक श्री माधव मारू, विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, श्री राजेश दीक्षित, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, पूर्व विधायक श्री राधेश्याम पाटीदार सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित सभी





जिलाधिकारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक, पत्रकार मौजूद थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आज हम सब सोम यज्ञ का हिस्सा बने है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस यज्ञ का विशेष महत्व है। पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को समझ रही है। सनातन संस्कृति की अपनी अलग विशेषता रही है। दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। वर्तमान में 9त्न दूध उत्पादन होता है जिसको बढ़कर 20त्न किया जाएगा। दूध उत्पादन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाया जाएगा। हर ब्लॉक में वृंदावन गांव बनाए जाएंगे। दूध का उत्पादन बढ़ाने पर कार्य होगा। गांव की गौशाला अच्छे से संचालित हो इसके लिए प्रयास होंगे। 25 गाय की एक इकाई मानकर एक व्यक्ति आठ इकाई रख सकेंगे। कामधेनु योजना को जमीन स्तर पर उतारेंगे। समाज में संस्कार दिखे इसके लिए धार्मिक नगरियों में शराबबंदी की गई। ऐसे प्रत्येक पवित्र स्थान पर शराबबंदी की गई। यह निर्णय सुसंस्कृत समाज के निर्माण में सहायक होगा। कृष्ण की लीलाओं के पवित्र स्थान को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएंगे। प्रदेश में ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि आज हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। सरकार ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाकर बच्चों के पढ़ने में माहौल निर्मित किया है। शिक्षा के क्षेत्र को डिसिप्लिन के साथ आगे बढ़ाने काम किया है। पार्वती काली सिंध परियोजना को मूल रूप प्रदान किया है। मध्य प्रदेश के आर्थिक संवर्धन को तेजी से विकसित करने काम किया है। स्वावलंबी गौशाला की नीति को बनाया है। मंदसौर की सीमा को शराब मुक्त किया है। जिससे खुशहाल माहौल बना है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि पशुपतिनाथ कॉरिडोर विकास के लिए मुख्यमंत्री अनुकंपा प्रदान करें। इसे और विस्तारित रूप प्रदान करें।

# व्यक्ति नहीं संगठन की मजबूती से हो रहा विकाश

**घिनौदा भूमि पूजन लोकार्पण कार्यक्रम में बोले विधायक चौहान**

**सरपंच की सक्रियता ओर दूरगामी सोच से विकसित हो रहा गांव**

आपके आशीर्वाद ने मुझे सेवक के रूप मैं चुना और प्रदेश ओर देश भाजपा की सरकार बनी तब जाक आज यह विकाश संभव हो पाया है, यह सब भारतीय जनता पार्टी को आपके द्वारा दिए गए आशीर्वाद का प्रतिफल है ओर पर अभी भी कुछ लोग पार्टी को नहीं व्यक्ति को सर्वपरी मान कर चल रहे है जबकि संगठन ही सबकुछ है, आज जो करोड़ों रुपए के लोकार्पण और भूमि पूजन सम्पन्न हुए है यह सब आपके कारण ही संभव है इसको करने वाला के कुछ भी नहीं हु, यह सब करने वाले को कराने वाले आप ही है, यह बात घिनौदा में लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्र के विधायक डॉ तेजबहादुरसिंह चौहान ने कही ! कार्यक्रम के प्रारंभ मां सरस्वती का पूजन अर्चन करते हुए कार्यक्रम की शुरुवात हुई जहा मंच पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक डॉ तेज बहादुरसिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाटीदार, सरपंच श्रीमतीराधा अनोखीलाल पाटीदार, रामलाल धाकड़, लालसिंह बंजारी, सुबोध स्वामी, कन्हैयालाल चंद्रवंशी, अर्जला सरपंच आदि मंचासिन थे ! इनका स्वागत गांव के स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया ! कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष धाकड़ ओर डॉ चौहान ने सरपंच की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि पंचायतों के पास बहुत से अधिकार है यदि वे सभी का सही उपयोग कर ले तो सक्षम बन सकती है ! कार्यक्रम के 15 लाख रुपए की राशी से निर्मित नाला निर्माण, 24 लाख रुपए की राशी



से (बस स्टैंड, पाटीदार धर्मशाला, बालाजी मंदिर, बजरंग व्यायामशाला) में निर्मित सीसी रोड, 2 लाख से व्यायामशाला में चद्दर सेड, 1 करोड़ 76 लाख की नलजल योजना, 50 लाख की लागत से निर्मित पशु चिकित्सालय, 7.5 लाख की लागत से आंगनवाड़ी भवन, 3 लाख 45 हजार की राशी से स्वच्छता परिशर आदि, 3 लाख की लागत से नइ आबादी में सामूहिक परिशर, 11 लाख की लागत से फूल तालाब में स्टॉप डेम का लोकार्पण किया गया हुआ ! वही 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र, 15 लाख की सीसी रोड, 5 लाख की लागत से कुआं निर्माण, 5 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्य सम्पन्न हुआ ! इस दौरान घिनौदा से भरतलाल पाटीदार (मंदिर वाले), जगदीश मुकाती, बाबूलाल कांगरा, सत्यनारायण पाटीदार कन्हैयालाल वाणोंलिया, शंकर मुकाती, शंकर गुरु, दुर्गालाल मासाजी, लक्ष्मीनारायण गुरु, दिलीप पाटीदार, नंदू सराफ़ी, रामकिशन चौधरी, गोविंद कांगरा, पुष्कर मुकाती, नानालाल चौधरी, जगदीश कटारिया (पाटीदार समाज अध्यक्ष), राधेश्याम भूत, कन्हैयाला फुँवार, रतनलाल राठौड़, राजू सराफ़ी चंपालाल वानोलिया, रामचंद्र शर्मा, संजू (दवाई वाले), रामलाल वैरागी, उमेश वानोलिया, अंकित पाटीदार, सचिव चंद्रभानसिंह पंवार, बहलोला सरपंच भरत पांचाल आदि उपस्थित थे ! कार्यक्रम का संचालन नानालाल पाटीदार ने किया, सरपंच प्रतिनिधि अनिलोखीलाल पाटीदार ने घिनौदा की आगामी विकाश योजना का रोड़मेप प्रस्तुत किया पूर्व सरपंच प्रतिनिधी दिलीप पाटीदार ने व्यक्त किया !

**स्वेच्छानुदान राशी का सदुपयोग** कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम देख रहे है कि विधायक की स्वेच्छानुदान राशी दिव्यागो को, विभिन्न संस्थाओं को, ओर खेल को प्रोत्साहन देने के लिए युवाओं को मिल रही है ओर डॉ साहब पहले ऐसे विधायक है जिन्होंने अपनी स्वेच्छानुदान राशी को अच्छी जगह खर्च किया है नहीं इसके पहले के विधायकों ने इसको किस पर खर्च किया किसी को नहीं मालूम पर इस बार डॉ साहब ने अपनी इस निधि को जरूरत मंडो के साथ युवाओं, ओर विभिन्न समितियों को प्रदान किया यह वास्तव में एक नवाचार है !

**भाजपा है तो हम ओर विकाश है** – कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाटीदार ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम करोड़ों रुपए के विकाश कार्यों का लोकार्पण ओर भूमि पूजन कर रहे है ओर आगे भी बड़े बड़े कार्यों को करना हमारा लक्ष्य हेबर यह चलता रहेगा किंतु यह सब विकाश जब तक भाजपा है तब तक ही संभव है इसलिए है भाजपा को मजबूत करना पड़ेगा आपने घिनौदा के बारी मंच से कहा कि वर्तमान के यहां से संगठन की बैठकों में उपस्थित शून्य के बार या नाम मात्र की रहती है जोकि चिंता का विषय है इसको भी ठीक करने की आवश्यकता है, केवल विकाश से कुछ नहीं होगा !

# ईओडब्ल्यू ने बीज घोटाले से जुड़े दस्तावेज जब्त किए

## फाइलों के साथ अधिकारियों को जबलपुर कार्यालय तलब किया




जबलपुर। ईओडब्ल्यू की टीम ने बुधवार को डिंडौरी कृषि विभाग कार्यालय में छापेमारी की। टीम ने 2021-22 में टारफा योजना के तहत हुए बीज घोटाले से जुड़े दस्तावेज जब्त किए।

मामला 2021-22 का है, जब कृषि विभाग को योजना के तहत किसानों को चना, मसूर और गेहूं के बीज रकबा के हिसाब से देना थे। इसमें गड़बड़ी और आर्थिक अनियमितता की शिकायत एक आरटीआई कार्यकर्ता ने ईओडब्ल्यू में दस्तावेजों के साथ दर्ज कराई।

इस मामले में पहले भी कार्रवाई हुई थी। 4 दिसंबर 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शहपुरा तहसील दौरे के दौरान किसानों ने बीज वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने तत्काल तत्कालीन कृषि उप संचालक अश्विनी झरिया को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे।

ईओडब्ल्यू ने शहपुरा, डिंडौरी और मेंहदवानी विकासखंड कार्यालयों से बीज वितरण की फाइलें जब्त की हैं। करंजिया, बजाग, अमरपुर और समनापुर कार्यालय के अधिकारियों को फाइलों के साथ जबलपुर कार्यालय में तलब किया गया है। जांच के बाद दोष सिद्ध होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1 l0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - l9 l4826006, 8643056464, 9 l l5154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)